Tital Code RAJHIN27802

# वागड़ संदेश

जन मन की आवाज

www.wagadsandesh.com



सम्पर्क

ई पेपर मे खबरे व विज्ञापन के लिये सम्पर्क करें

ई मेल editorwagadsandesh@gmail.com

8890633631
9309255545
6351581818



वर्ष-1 अंक-230 सागवाड़ा, बुधवार,27 अप्रेल, 2022 अवधिः हिन्दी ई-पेपर पृष्ठ-1, मूल्य-10 रु. (वार्षिक)


# आक्रोशित श्रमिकों ने ग्राम पंचायत चितरी का किया घेराव

## ऑनलाइन हाजरी मनरेगा श्रमिकों के लिए बनी परेशानी, 3 दिन से ऑनलाइन डिवाइस पर नहीं हो रही हाजरी



**डूंगरपुर।** जिले में महात्मा गांधी मनरेगा योजना में ऑनलाइन हाजरी मनरेगा श्रमिको के लिए परेशानी का सबब बनता जा रहा है। नेटवर्क समस्या के चलते श्रमिको की हाजरी ऑनलाइन नहीं हो रही है। इसी से परेशान मनरेगा श्रमिको ने चितरी पंचायत का घेराव किया और ऑनलाइन व्यवस्था के खिलाफ आक्रोश जताया। अब महात्मा गांधी मनरेगा योजना में श्रमिको की हाजरी ऑनलाइन करने की व्यवस्था की गई है। लेकिन सरकार की ये ऑनलाइन व्यवस्था डूंगरपुर जिले के ग्रामीण क्षेत्रो में मनरेगा श्रमिको के लिए परेशानी का सबब बनती जा रही है। मनरेगा श्रमिक काम के लिए साईट पर जाते है काम भी करते है लेकिन नेटवर्क समस्या के चलते श्रमिको की हाजरी ऑनलाइन नहीं हो रही है।

कुछ इसी तरह की समस्या से परेशान गलियाकोट पंचायत समिति की ग्राम पंचायत चितरी के मनरेगा श्रमिक आज चितरी पंचायत पहुंचे। जहा पर मनरेगा श्रमिको ने ऑनलाइन हाजरी में आ रही परेशानी के विरोध में पंचायत का घेराव करते हुए प्रदर्शन किया। इस मौके पर मनरेगा श्रमिको ने सरपंच दुर्गा कटारा व ग्राम विकास अधिकारी जय पाटीदार के समक्ष आक्रोश जताया। इस मौके पर चितरी पंचायत के मनरेगा श्रमिको ने कहा की वे नए पखवाड़े के तहत पिछले 3 दिन से काम पर जा रहे है। कार्य स्थल पर मेट उनकी हाजरी भी ले रहा है लेकिन ऑनलाइन डिवाइस में श्रमिको की हाजरी नहीं लग रही है। मनरेगा श्रमिको ने बताया की उन्हें आशंका है की जब ऑनलाइन हाजरी शौ नहीं हो रही तो उनके भुगतान में भी दिक्कत आ सकती है। ऐसे में इस स्थिति में श्रमिको का भुगतान कौन करेगा। ऐसे में मनरेगा श्रमिको ने सरपंच व ग्राम विकास अधिकारी से उनकी हाजरी ऑनलाइन पोर्टल पर दर्ज कर भुगतान करने की मांग की है। इधर सरपंच व ग्राम विकास अधिकारी ने श्रमिको को उनकी समस्या प्रशासन एवं सरकार तक पहुंचाने का आश्वासन दिया है।

# वरदा पंचायत की महिला सरपंच रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार

## बिल पास करने की एवज में मांगी थी 18 हजार की रिश्वत, डूंगरपुर एसीबी की कार्रवाई



**सागवाडा।** डूंगरपुर एसीबी की टीम ने डूंगरपुर जिले की वरदा पंचायत की महिला सरपंच फुलवंती देवी को 18 हजार रुपए की रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। आरोपी सरपंच ने रिश्वत की राशि बिल पास करने की एवज में मांगी थी।

डूंगरपुर एसीबी के एसीपी माधोसिंह सोढा ने बताया की एक परिवादी ने 25 अप्रैल को एसीबी ब्यूरो आकर शिकायत की थी। शिकायत बताया था की वरदा पंचायत की सरपंच फुलवंती देवी एसबीएम योजना के अंतर्गत निर्मित सोखते गड्ढो के करीब 70 हजार रुपए के बकाया भुगतान को स्वीकृत करने की एवज में 20 हजार रुपए की डिमांड कर रही है। जिसके बाद डूंगरपुर एसीबी के एसीपी माधो सिंह सोढा ने परिवादी की शिकायत का सत्यापन करवाया। सत्यापन के दौरान सरपंच ने 20 हजार की जगह पर 18 हजार रुपए की रिश्वत लेना तय किया। इधर एसीबी द्वारा शिकायत का सत्यापान होने के बाद डूंगरपुर एसीबी की टीम ने आज परिवादी को 18 हजार की राशी के साथ वरदा पंचायत कार्यालय में भेजा। जहा पर परिवादी ने रिश्वत की 18 हजार की राशी सरपंच फुलवंती को दी। इधर परिवादी का इशारा पाकर एसीबी की टीम ने पंचायत भवन में दबिश दी और सरपंच फुलवंती देवी को 18 हजार की रिश्वत लेते रंगेहाथ गिरफ्तार किया है। डूंगरपुर एसीबी के एसीपी माधोसिंह सोढा ने बताया की आरोपी सरपंच से पूछताछ के साथ उसके आवास व अन्य ठिकानों पर तलाशी अभियान जारी है। उन्होंने बताया की एसीबी द्वारा मामले में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम में मामला दर्ज कर अग्रिम अनुसंधान किया जाएगा।

# कार से की जा रही थी शराब तस्करी

## पुलिस ने फ़िल्मी स्टाइल में पीछा करके पकड़ी कार, चालक गिरफ्तार

**डूंगरपुर।** जिले की सदर थाना पुलिस ने फ़िल्मी स्टाइल में पीछा करके शराब से भरी एक कार को जब्त किया है। पुलिस ने कार से 12 कार्टन शराब के बरामद करते हुए कार चालक को गिरफ्तार किया है। पुलिस गिरफ्तार तस्कर से पूछताछ कर रही है। थानाधिकारी हजारीलाल मीणा ने बताया की जिले में जिला पुलिस अधीक्षक सुधीर जोशी की ओर से अवैध कारोबार के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है। इसी अभियान के तहत आज सुबह मुखबिर के जरिये मोतली मोड़ होकर गुजरात शराब तस्करी की सुचना मिली थी। जिस पर सदर थाने की मौतली मोड़ पुलिस चौकी के प्रभारी संतोष कुमार व उनकी टीम ने मोतली मोड़ पर नाकेबंदी शुरू की। इस दौरान उदयपुर की ओर से आ रही एक कार को रुकने का इशारा किया तो कार चालक ने कार को रिवर्स लिया और डूंगरपुर की ओर भागने लगा। इसके बाद सदर थाना पुलिस ने कार का पीछा किया। इस दौरान पालवडा कार के पास पुलिस ने कार को पकड़ा। इसके बाद पुलिस ने कार की तलाशी ली तो कार में राजस्थान निर्मित शराब के कार्टन भरे हुए थे। पुलिस ने कार से 12 कार्टन शराब के बरामद किये। वही पुलिस ने कार चालक से शराब परिवहन सम्बन्धी दस्तावेज मांगे तो कार चालक के पास कोई दस्तावेज मौजूद नहीं थे। जिस पर पुलिस ने कार व शराब को जब्त किया वही गत्राली हर्षावाडा निवासी प्रभुलाल को हिरासत में लिया।

इसके बाद पुलिस शराब से भरी कार व आरोपी चालक को लेकर सदर थाना पहुंचे जहा पर पुलिस ने आबकारी अधिनियम में मामला दर्ज किया और चालक प्रभुलाल को गिरफ्तार किया।

# स्वच्छता को लेकर जन जागरूकता अभियान चलाया

## आजादी का अमृत महोत्सव-स्वच्छता की शपथ दिलाई

**सागवाड़ा।** नगर पालिका सागवाड़ा के अध्यक्ष नरेंद्र खोड़निया के दिशा निर्देश के अनुसार नगर पालिका सागवाड़ा की सहयोगी संस्था सृजन सेवा द्वारा आजादी के 75 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में जन जागरूकता अभियान चलाया गया। जिसमे सागवाड़ा के स्वय सहायता समूह के सदस्यों के साथ बैठक की गई। सदस्यों को सृजन सेवा संस्था के परियोजना समन्वयक कैलाश सिंह चौहान ने बताया कि घर से निकलने वाले कचरे को 2 अलग अलग डस्टबिन मे रख कर कचरा वाहन में गीला कचरा अलग ओर सूखा कचरा अलग डालना है। साथ ही उनको बताया गया कि गीले कचरे से घर पर ही होम कम्पोस्टिंग करके घर पर ही जैविक खाद बना सकते है। उसे अपने घरों के गमले या बाग बगीचों में उपयोग में ले सकते है। शहर में इधर उधर कचरा नहीं फैलाना है ओर अपने आस पास के लोगों को भी स्वच्छता के प्रति जागरूक करना है। हमें घर से बाहर कचरा नहीं डालना है अगर हम घर से बाहर मिट्टी में कचरा डालेंगे मिट्टी प्रदूषण होगा, नदी, नालों में डालेंगे पानी में परदूषण होगा और हवा का प्रदूषण भी होगा, इसलिए कचरा संग्रहण गाड़ी में डालने से वह कचरा रिसाइकल होगा और प्रदूषण भी नहीं फैलेगा। इसी के साथ उनको स्वच्छता की शपथ भी दिलवाई गई। इस दौरान नगर पालिका सागवाड़ा के मुख्य अतिथि के रूप में अधिशासी अधिकारी मुकेश मोहिल व सृजन सेवा के परियोजना समन्वयक कैलाश चौहान, टीम लीडर राकेश दांगी, सहायक परियोजना समन्वयक चिराग, राजेश, सचिन, हितेश ओर स्वसहायता समूह के सदस्य मौजूद रहे।

# शादी का झांसा देकर युवती से रेप

## अश्लील फोटो व वीडियो वायरल कर बदनाम करने की धमकी, केस दर्ज

**डूंगरपुर।** शादी का झांसा देकर एक युवती से रैप का मामला सामने आया है। युवती ने मामले में दोवड़ा थाने में केस दर्ज करवाया है। युवती ने अश्लील फोटो व वीडियो वायरल कर बदनाम करने की धमकियां देने के भी आरोप लगाए है।

दोवड़ा थाने की रहने वाली एक युवती (20) ने केस दर्ज करवाया है। थाने के एएसआई तेजसिंह ने बताया की उसकी सगाई आशुतोष (25) पुत्र शंकरलाल अहारी निवासी डेरा फला घटाऊ के साथ 14 जनवरी 2022 को तय हुई थी। इसके बाद आशुतोष ने उसे पुनाली बस स्टैंड पर बुलाया। 11 मार्च और 22 मार्च को आरोपी आशुतोष उसे पुनाली बस स्टैंड से बाइक पर बैठकर गोकुलपुरा अपने कमरे पर ले गया। आरोपी आशुतोष ने शादी करने का झांसा देकर उसके साथ दोनों बार रेप किया। इस दौरान आरोपी ने उसके कई अश्लील फोटो और वीडियो भी बना लिए। आरोपी ने शादी करने से मना कर दिया और किसी को बताने पर फोटो व वीडियो वायरल करने की धमकी दी। पीड़ित युवती ने बताया की घटना को लेकर उसने अपने माता पिता को बताया। पुलिस ने केस दर्ज करते हुए जांच शुरू कर दी है। वहीं युवती ने उसके साथ किसी तरह की अनहोनी घटना का भी संदेह जताया है। मामले में पुलिस आरोपी आशुतोष की तलाश कर रही है।

# पट्टा वितरण में 22 नगरपालिकाओं में सागवाड़ा पहले स्थान पर

## प्रशासन शहरों के संग अभियान, 2 मई से शुरू होगा दूसरा चरण

**सागवाड़ा।** प्रशासन शहरों के संग अभियान में लक्ष्य प्राप्ति को लेकर सरकार की ओर से जारी आंकड़ों में उदयपुर संभाग की बाण करें तो नगर पालिका सागवाड़ा ने पहला स्थान प्राप्त किया है। सरकार की ओर सभी नगर नगरपालिकाओं, नगर परिषद और नगर निकायें को पट्टा वितरण को लेकर लक्ष्य दिया गया था। उस लक्ष्य को पूरा करने के प्रयास में सागवाड़ा नगर पालिका पहले स्थान पर रही है।

2 अक्टूबर 2021 से राज्य में प्रशासन शहरों के संग शिविर आयोजित किये गये थे। इसका प्रमुख उद्देश्य शहरी क्षेत्र में रह रहे लोगों को उनका मालिकाना हक देने के लिये पट्टे जारी करना था। सरकार के निर्देश पर नगर पालिका सागवाड़ा ने भी सभी वार्डों में शिविर लगा कर पट्टा वितरण का काम किया था। नगर पालिका अध्यक्ष नरेंद्र खोडनिया ने बताया कि पालिका के कर्मचारियों ने टीम वर्क की भावना से यह काम किया है जिसके चलते यह सफलता मिली है। नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी मुकेश कुमार मोहिल ने बताया कि सागवाड़ा पालिका को 3 हजार राज्य सरकार की ओर से दिया गया था। सभी वार्डों में कैंप के माध्यम से पट्टो के आवेदन तैयार करवाए थे। इसके लिये एक टी म भी बनाई थी जिसने घर घर जा कर संपर्क किया था। उसी का नतीजा रहा कि हम अब तक 1087 पट्टे बांट चुके है। जारी लक्ष्य का 36.23% अर्जित किया जिससे नगर पालिका सागवाड़ा उदयपुर संभाग के 22 नगरीय निकायों में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। ये काम अभी भी जारी है।

> 1087 पट्टे बांट कर नगर पालिका सागवाड़ा उदयपुर संभाग में प्रथम रही है। 2 मई से इसका दूसरा चरण शुरू होने वाला है। इसकी शुरुआत में ही हम 300 पट्टे ओर बाटेंगे। इसके निर्देश पालिका को दिये है कि अधिक से अधिक पट्टे जारी किये जाएंगे।
>
> **नरेंद्र खोडनिया, नगर पालिका अध्यक्ष, सागवाड़ा**

# बुजुर्ग महिला छत से नीचे गिरी, मौत

**सीमलवाड़ा।** तीसरी मंजिल से गिरने से 85 साल की बुजुर्ग महिला की मौत हो गई। धंबोला थानाधिकारी रतन लाल ने बताया कि संजय कॉलोनी, सेक्टर 23, जिला फरीदाबाद, हरियाणा हाल सीमलवाड़ा निवासी अल्का सिंह पुत्री त्रिलोकीनाथ सिंह राजपूत जोकि मांडली में पोस्टमास्टर के पद पर तैनात है जिसने रिपोर्ट दर्ज कराई जिसमें बताया कि वो अपनी मां सुशीला देवी व दादी पंचरत्नी पत्नी स्व. पतिराम सिंह के साथ सीमलवाड़ा में एक मकान में फर्स्ट फ्लोर में किराए से रहती है। 26 अप्रैल को सुबह साढ़े सात बजे से आठ बजे दादी पंचरत्नी जोकि अपना दैनिक कार्य खुद कर लेती थी, जो थर्ड फ्लोर पर चढ़ी थी, ऊपर ढाई फीट की सेफ्टी वॉल बनी हुई है। जहां से दादी अचानक अनियंत्रित होकर नीचे गिर गई। बेहोश अवस्था में सीमलवाड़ा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र ले जाया गया जहां डॉक्टर ने दादी को मृत घोषित किया। प्रार्थिया के पिता त्रिलोकीनाथ सिंह, चाचा जितेंद्र सिंह जोकि फिरोदावाद रहते है, उन्हें सूचना दी गई और दादी के शव को सीमलवाड़ा मोर्चरी में रखवाया गया। बुधवार दोपहर को मृतका के दोनों बेटे त्रिलोकीनाथ सिंह व जितेंद्र सिंह सीमलवाड़ा पहुंचे और शव लिया।

# राजस्थान में एक दिन में 18% बढ़े कोरोना केस

**जयपुर।** राजस्थान में कोरोना संक्रमण का ग्राफ लगातार बढ़ता जा रहा है। बुधवार को एक दिन में 18त्न केस बढ़ गए। प्रदेश में 59 नए कोविड पॉजिटिव मरीज मिले हैं। जिनमें अकेले जयपुर में 46 मरीज पाए गए हैं। इसके साथ ही प्रदेश में कोरोना के एक्टिव केस की संख्या बढ़कर 242 हो गई है। अजमेर में 2, अलवर में 3, बीकानेर में 1, धौलपुर में 1, नागौर में 4, सवाई माधोपुर में 1, उदयपुर में 1 कोरोना पॉजिटिव मरीज मिले हैं। वहीं, 20 मरीजों की कोरोना से रिकवरी भी रिकॉर्ड की गई है। एक दिन पहले मंगलवार को प्रदेश में 50 संक्रमित मरीज मिले थे। जयपुर के मालवीय नगर में 8, जगतपुरा में 6, सोडाला में 5 पॉजिटिव केस मिले हैं। मानसरोवर, बस्सी और जवाहर नगर में 3-3 संक्रमित मिले हैं। आदर्श नगर और मुरलीपुरा में 2-2 मरीज मिले हैं। जबकि जामड़ोली, जमवारामगढ़ , करतारपुरा, महेश नगर, सांगानेर , शाहपुरा, शास्त्री नगर, सीतापुरा, टोंक फाटक, ट्रांसपोर्ट नगर , वैशाली नगर, बनीपार्क, विद्याधर नगर इलाकों में 1-1 संक्रमित मिले हैं। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने बुधवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में हुई मुख्यमंत्रियों की बैठक में हिस्सा लिया। गहलोत ने कहा- कोविड संक्रमण में बढ़ोतरी को एक चेतावनी के तौर पर लेकर हम सब को फिर से कोविड प्रोटोकॉल की पालना शुरू कर देनी चाहिए। गहलोत ने कहा- ब्रिटेन, जर्मनी और चीन समेत तमाम देशों में कोविड के मामले लगातार बढ़ रहे हैं। भारत के कुछ हिस्सों में भी संक्रमण बढ़ा है।

# हर राजस्थानी पर 59 हजार का कर्जा

## एक साल में 7 हजार बढ़ गया कर्ज, 4.72 लाख करोड़ बढ़ा भार




**जयपुर।** प्रदेश पर कर्ज का बोझ लगातार बढ़ता जा रहा है। राजस्थान सरकार पर कर्ज का आंकड़ा 4 लाख 72 हजार करोड़ रुपए को पार कर चुका है। हर राजस्थानी पर 59 हजार रुपए का कर्ज हो चुका है। पिछले साल भर में हर व्यक्ति पर 7000 रुपए का कर्ज बढ़ चुका है। पिछले वर्ष हर राजस्थानी पर 51,888 रुपए का कर्ज था, जो इस साल 31 मार्च तक 59,261 रुपए हो चुका है। वित्त विभाग के आधिकारिक डेटा के अनुसार गहलोत सरकार 2019 से लेकर सवा तीन साल में 1 लाख 61 हजार करोड़ का कर्ज ले चुकी है। वसुंधरा राजे की अगुवाई वाली भाजपा सरकार ने पांच साल में 1 लाख हजार 81 हजार करोड़ का कर्ज लिया था। गहलोत सरकार सवा तीन साल में ही कर्ज लेने के मामले में उस आंकड़े के नजदीक पहुंच गई है। राज्य सरकार हर साल 28 हजार करोड़ रुपए से ज्यादा का ब्याज चुका रही है। कोरोना की दो लहर में राजस्थान सरकार ने 70 हजार करोड़ के आसपास का कर्ज लिया। सरकार का तर्क है कि कोरोना काल में सरकार की इनकम कम हुई और उसे ज्यादा कर्ज लेना पड़ा। कर्ज भार बढ़ने का इसे बड़ा कारण बताया गया। वहीं सरकार की लोक लुभावन घोषणाओं को भी कर्ज बढ़ने का प्रमुख कारण माना जा रहा है। बीजेपी राज में कर्मचारियों को सातवें वेतन आयोग का लाभ देने और किसान कर्ज माफी की घोषणा से सरकार पर एक्स्ट्रा भार आया। इस वजह से भी कर्ज बढ़ा। राजस्थान सरकार हर साल कर्ज पर 28255 करोड़ रुपए ब्याज चुका रही है। सरकार 17 महीने में जितना ब्याज चुका रही है। वह 13 जिलों के लिए ईस्टर्न कैनाल प्रोजेक्ट की लागत के बराबर है। ईस्टर्न कैनाल 47 हजार करोड़ का प्रोजेक्ट है। 2018 में सरकार हर साल 21,490 करोड़ रुपए ब्याज चुका रही थी।

# घूसखोर IAS को मूकबधिर बच्ची का श्राप लगाःबालकनाथ

**अलवर।** अलवर में पूर्व कलेक्टर व आईएएस नन्नूमल पहाड़िया और आरएएस अशोक कुमार सांखला को रिश्वत के मामले में ट्रैप किए जाने के बाद सांसद ने अलवर के नेताओं पर सवाल खड़े करते हुए कई आरोप लगाए हैं। सांसद बालकनाथ ने कहा कि भ्रष्ट अफसरों को खुद नेता डिजायर करके लाते हैं, ताकि वसूली में हिस्सा बना रहे। अलवर में बड़े स्तर पर अवैध वसूली होती है, जिसमें नेता का हाथ होता है। यही वजह है कि अलवर में मूकबधिर नाबालिग से दरिंदगी के बाद कलेक्टर-एसपी को हटाने के लिए आंदोलन हुए, लेकिन सरकार ने जनता की नहीं सुनी। अब वही अफसर एसीबी के हत्थे चढ़ गए। पहले सरकार हटा देती तो दूसरी जगह नौकरी करते, लेकिन अब जेल की हवा खानी पड़ेगी। सांसद ने कहा नेताओं के संरक्षण के बिना अधिकारी व कर्मचारी की मजाल नहीं कि खुले आम रिश्वत लेने लग जाए।